# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता देना



## इतने सारे देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस क्यों मनाते हैं? इसका संक्षिप्त उत्तर है: विश्व भर में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।

वास्तव में, विश्व में कहीं भी लैंगिक समानता मौजूद नहीं है। वैश्विक दृष्टिकोण से, महिलाओं को आज भी कानूनी, आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक और यहां तक कि बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में भी भेदभाव और अन्यायपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इन वस्तुस्थितियों पर विचार करें:

- विश्व के राष्ट्रप्रमुखों में केवल 10% महिलाएं हैं।
- पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को केवल दो-तिहाई कानूनी अधिकार प्राप्त हैं।
- लिंग वेतन अंतर 20% है, अर्थात, औसतन, महिलाएँ पुरुषों की तुलना में 20% कम कमाती हैं।
- 33% महिलाओं ने शारीरिक या यौन हिंसा का अनुभव किया है।
- हर 11 मिनट में एक महिला या लड़की की उसके परिवार के किसी सदस्य द्वारा हत्या की जाती है।
- गर्भावस्था और प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण प्रतिदिन 800 महिलाओं की मृत्यु होती है।

हालाँकि ये आँकड़े वैश्विक मुद्दों को उजागर करते हैं, महिलाओं को प्रतिदिन जिन चुनौतियों और अन्यायों का सामना करना पड़ता है वे वास्तविक हैं और बहुत भिन्न होते हैं, जो विश्व भर की महिलाओं को अलग-अलग तरीके से प्रभावित करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों की मांग करने तथा व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों के लिए कार्रवाई करने के आह्वान के रूप में कार्य करता है। महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने से लेकर जमीनी स्तर पर किये जाने वाले प्रयासों और विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से न्याय की वकालत करने तक, इस दिन का उद्देश्य परिवर्तन और प्रगति को प्रेरित करना है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पहली बार मार्च 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में मनाया गया और संयुक्त राष्ट्र ने इसे आधिकारिक तौर पर 1977 में मान्यता दी। लेकिन इस दिन की शुरुआत और भी पुरानी है, जब जमीनी स्तर पर महिलाओं के अधिकारों के लिए आंदोलन किये गए थे। यद्यपि कुछ विवरणों में भिन्नता

## मार्च 8

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

Optum

है, संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की जड़ों को 1800 के दशक के मध्य में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई गतिविधियों तक ले जाता है। गुलामी-विरोधी संमेलन में बोलने से रोके जाने के बाद, न्यूयॉर्क में महिलाओं के एक समूह ने 1848 में पहला महिला अधिकार सम्मेलन आयोजित किया, जो नागरिक, सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक अधिकारों पर केंद्रित था। दशकों बाद, न्यूयॉर्क में महिला परिधान कामगारों की हड़ताल ने इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में मदद की, और अमेरिकी सोशलिस्ट पार्टी ने 1908 में पहला राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

वहीं से, विभिन्न गठबंधनों और आयोजनों के माध्यम से यूरोप और रूस में महिला अधिकार आंदोलन ने गति पकड़ी। यूरोप में, 17 यूरोपीय देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 प्रतिनिधियों ने कोपेनहेगन में अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी महिला संमेलन के दौरान महिला अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए "महिला दिवस" आरंभ करने पर सहमति व्यक्त की।

रूस में, 1910 के दशक में महिलाओं द्वारा की गईं श्रमिक हड़तालों और युद्ध-विरोधी प्रदर्शनों की एक श्रृंखला ने 1917 में रूसी क्रांति के दौरान एक निर्णायक क्षण को जन्म दिया। मार्च 8 को महिलाओं ने मतदान के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी और जीत भी हासिल की।

## कार्रवाई तेज करना

आज, संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत लैंगिक समानता और सशक्तिकरण के लिए समर्पित संस्था, UN Women, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए विषय चुनती है। इस वर्ष का विषय, तेज कार्रवाई, विश्व भर में महिलाओं के व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में आने वाली बाधाओं और पूर्वाग्रहों से निपटने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल देता है। ध्यान केन्द्रित किये जाने वाले प्रमुख क्षेत्र निम्नलिखित हैं:

- महिलाओं के लिए बेहतर कानूनी सुरक्षा
- समान कार्य के लिए समान वेतन
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच
- अधिक संख्या में राजनीति और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाएँ
- हानिकारक लैंगिक रूढ़िवादिता और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देना

हालाँकि इस दिन के ऐतिहासिक उद्गम के बाद से काफी प्रगति हुई है, महिला अधिकार आंदोलन को अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। प्रगति की वर्तमान दर को देखते हुए, विशेषज्ञों का अनुमान है कि विश्व भर में लैंगिक समानता प्राप्त करने में 130 वर्ष से अधिक का समय लगेगा।

### शामिल हों

आप बदलाव लाने में मदद कर सकते हैं। इस महीने की टूलकिट में "अपने जीवन में मौजूद महिलाओं को सशक्त बनाएं" पढ़ें और शुरुआत करने के कुछ तरीकों के बारे में जानें।


Focus 2030, Gender inequality around the world in 2024: special report. दिसंबर 11, 2024 को एक्सेस किया गया।

Education First (EF), 10 ways International Women's Day is marked around the world. दिसंबर 13, 2024 को एक्सेस किया गया।

International Women's Day, About. दिसंबर 10, 2024 को एक्सेस किया गया।

Health in Mind, International Women's Day 2024. दिसंबर 10, 2024 को एक्सेस किया गया

International Women's Day, IWD 2025 campaign theme is 'Accelerate Action. दिसंबर 10, 2024 को एक्सेस किया गया।

United Nations, Background | International Women's Day. दिसंबर 10, 2024 को एक्सेस किया गया।

UN women, International women's day. दिसंबर 10, 2024 को एक्सेस किया गया।


Optum


**optum.com**

Optum संयुक्त राज्य अमेरिका तथा अन्य क्षेत्राधिकारों में Optum, Inc. का पंजीकृत ट्रेडमार्क है। अन्य सभी ब्रांड या उत्पाद नाम उनके संबंधित मालिकों की संपत्ति हैं। चूंकि हम अपने उत्पादों और सेवाओं में लगातार सुधार करते हैं, Optum बिना किसी पूर्व सूचना के विनिर्देशों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। Optum एक समान अवसर देने वाला नियोक्ता है।

© 2025 Optum, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित। WF15498908 335242-012025 OHC